Bihar Administrative Service Association

North of Income Tax Golamber, Nehru Marg, Patna-800001
(Registration No-663/2003)
Website: basabihar.com, E-mail Id: infobasa1@gmail.com

Shashank Shekhar Sinha
President
Mob. No.- 9334118192

Anil Kumar
General Secretary
Mob. No.- 9431409463

Vice President
Md. Moeezuddin
9304951990

Ajay Kumar
9835737317

Joint Secretary
Subodh Kumar
7979919465

Gopal Sharan
8210342042

Treasurer
nil Kumar Tiwary
9431085120

oint Treasurer
Mona Jha
9430881025

Memo No ......09...... Date ......15.01.2020......

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना।

विषय:- **दिनांक-01.09.2005 के पूर्व उप-समाहर्त्ता के नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर नियुक्त बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित करने के संबंध में।**

प्रसंग:- CWJC संख्या 10901/2006 माननीय उच्च न्यायालय, पटना एवं A-55606/2008 माननीय उच्च न्यायालय, प्रयागराज में क्रमशः दिनांक 03.08.2011 एवं 19.12.2019 को पारित आदेश।

महाशय,

बिहार सरकार के सभी कर्मचारियों के लिए बिहार पेंशन नियम, 1950 लागू था। वर्ष 2005 में केंद्र सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में बिहार में नई पेंशन योजना दिनांक-01.09.2005 से लागू की गई है।

माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा CWJC संख्या 10901/2006 मो0 कयामुद्दीन अंसारी एवं अन्य बनाम बिहार सरकार एवं अन्य में दिनांक 03.08.2011 को पारित आदेश (छायाप्रति संलग्न) एवं माननीय उच्च न्यायालय, प्रयागराज द्वारा CWJC संख्या A-55606/2008 महेश नारायण एवं अन्य बनाम उत्तर प्रदेश सरकार में दिनांक 19.12.19 को पारित आदेश (छायाप्रति संलग्न) में यह न्याय निर्णय दिया गया है कि नई पेंशन योजना लागू होने की तिथि के पूर्व नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर नियुक्त किए गए पदाधिकारियों/कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित किया जाए।

अतः संघ का अनुरोध है कि 01/09/2005 के पूर्व प्रकाशित विज्ञापन के आधा पर नियुक्त बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों (46 एवं 47 बैच) को पुरानी पेंश योजना से आच्छादित करने के लिए उच्चस्तरीय निर्णय लेने की कृपा की जाए।

अनुलग्नक:- यथोक्त।

विश्वासभाजन
15/1/2020
(अनिल कुमार)